आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 09.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विकास कार्यों की अभूतपूर्व गति से 21वीं सदी का भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- प्रदेश में जल्द ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को पेंशन दी जाएगी।
- हिम क्रीड़ा केन्द्र औली में स्कीइंग प्रशिक्षण शुरू, जीएमवीएन के दक्ष स्कीइंग प्रशिक्षक दे रहे हैं प्रशिक्षण।
- प्रदेश की स्टार खिलाड़ी राघवी बिष्ट का चयन भारतीय महिला वन–डे क्रिकेट टीम के लिए हुआ।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में अभूतपूर्व गति से विकास के कार्य हो रहे है और 21वीं सदी का भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सिर्फ पिछले दस सालों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत आज अपने हर मुद्दे को मजबूती के साथ वैश्विक स्तर पर रखता है और दुनिया में भारत की बात को ध्यान से सुना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के पेशेवर वैश्विक विकास में सहयोग कर रहे हैं।

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन केन्द्र सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह सम्मेलन भारतीय मूल के लोगों को एक–दूसरे से जुड़ने का मंच प्रदान करता है। इस सम्मेलन का विषय है– विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान”। कई देशों के भारतीय मूल के सदस्य बड़ी संख्या में इस सम्मेलन में भागीदारी कर रहे हैं।

पेंशन

प्रदेश में जल्द ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन दी जाएगी। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष में पेंशन योजना को मूर्त रूप दे दिया जाएगा।

श्रीमती आर्या ने आंगनबाड़ी और सहायिका भर्ती प्रक्रिया पर सभी जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों से आवेदनों की जानकारी भी ली। प्रदेश में लगभग 40 हजार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं कार्यरत हैं, जबकि 7 हजार 38 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक 20 हजार से अधिक महिलाओं ने भर्ती के लिए आवेदन कर दिया है, और 31 जनवरी तक यह संख्या 1 लाख तक पहुंचने की संभावना है।

अनिल बलूनी

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में कुछ जगहों पर बैंकों की शाखाओं को जल्द खोलने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय नागरिकों विशेषकर पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। श्री बलूनी ने पौड़ी में प्रस्तावित प्लैनेटेरियम और माउंटेन म्यूजियम के लिए आर्थिक निधि प्रदान करने का भी केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखंड के संदर्भ में आगामी आम बजट को लेकर चर्चा भी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस दिशा में सकारात्मक सहयोग किया जाएगा।

स्कीइंग प्रशिक्षण

चमोली जिले में स्थित हिम क्रीड़ा केन्द्र औली में गढ़वाल मंडल विकास निगम– जीएमवीएन ने स्कीइंग प्रशिक्षण कोर्स शुरू कर दिए हैं। विभिन्न प्रदेशों के 12 प्रशिक्षणार्थियों ने स्कीइंग ढलानों पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। जीएमवीएन के मुख्य स्कीइंग प्रशिक्षक किशोर डिमरी ने बताया कि औली में तीन दिवसीय, सात दिवसीय और चौदह दिवसीय स्कीइंग प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। सभी प्रशिक्षणार्थीयों को औली की विश्व स्तरीय स्कीइंग ढलानों पर जीएमवीएन के दक्ष स्कीइंग प्रशिक्षक प्रशिक्षण दे रहे हैं।

क्रिकेट चयन

प्रदेश की स्टार खिलाड़ी राघवी बिष्ट का चयन भारतीय महिला वन–डे क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। मूल रूप से टिहरी जिले के चंगोरा गांव निवासी राघवी अब आयरलैंड के खिलाफ घरेलू वन–डे सीरीज में खेलती हुई नजर आएंगी। हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी 10 जनवरी से राजकोट में शुरू होने वाली वन डे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें राघवी बिष्ट भी अपनी बैटिंग का प्रदर्शन करते हुए नजर आएंगी। इससे पहले राघवी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी–20 सीरीज में डेब्यू किया और पिछले साल ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार पारी खेली थी। वहीं, उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव माहिम वर्मा ने कहा कि राघवी बिष्ट ने उत्तराखंड का नाम पूरे देश मे रौशन किया है।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में आगामी निकाय चुनावों को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियों ने प्रचार तेज कर दिया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित 40 दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारा गया है। वहीं भाजपा 11 जनवरी से अपने चुनाव प्रचार अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करेगी। इस दौरान जनसभाएं, नुक्कड़ सभाएं और रोड शो आयोजित कर पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में जनसमर्थन जुटाया जाएगा। उधर, हल्द्वानी में कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश और मेयर उम्मीदवार ललित जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही जगदंबा नगर में पदयात्रा कर प्रचार किया।

हाथी हमला मृत्यु

देहरादून जिले में वन प्रभाग थानों के अन्तर्गत जौलीग्रांट में हाथी के हमले में घास लेने गए बुजुर्ग दंपत्ति की मृत्यु हो गई। इस घटना पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने दुःख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को अनुमन्य राहत देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को जंगलों से सटी आवासीय बस्तियों में प्रभावी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन्य जीवों से ग्रामीणों की सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा है

औचक निरीक्षण

हरिद्वार जिला प्रशासन की टीम ने ज्वालापुर स्थित राजकीय अनाज गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक पंजिका और भौतिक स्टॉक के बीच भारी विसंगतियां पाई गईं। निरीक्षण में पाया गया कि गेहूं के 197 कट्टे कम और चावल के 3 हजार 736 कट्टे अधिक पाए गए। इस गंभीर गड़बड़ी के संबंध में मौके पर उपस्थित वरिष्ठ विपणन निरीक्षक पूछताछ की गई, लेकिन वे कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। वहीं, हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने इस गड़बड़ी पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी किसी भी लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी।

यातायात अभियान

देहरादून जिला प्रशासन, आईएसबीटी पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चला रह है। इसके तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया ने आईएसबीटी के बाहर सड़क पर सवारी उतारने, चढाने और अनाधिकृत रूप से पार्क किये गए वाहन स्वामियों पर कार्रवाई की।